Regarding need to construct a permanent bridge on Beas River at Makora Pattan in Gurdaspur Parliamentary Constituency, Punjab-Laid

श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा **(गुरदासपुर) :** मैं एक गंभीर विषय और अत्यंत महत्वपूर्ण मांग पर सरकार का ध्यान केंद्रित करना चाहता हूँ । गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र मकोड़ा पत्तन के हज़ारों नागरिक आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी रावी नदी पार करने के लिए आज भी नावों पर निर्भर हैं और वह भी मुश्किल से एक ही नाव चलने की सुविधा उपलब्ध है । बरसात के मौसम में, जब नदी उफान पर होती है, तो यह नाव सेवा भी पूरी तरह बंद हो जाती है और अस्थायी कच्चा पुल हटा दिया जाता है । इसके कारण पूरे क्षेत्र का संपर्क देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह कट जाता है । नतीजतन, स्कूल, अस्पताल और सरकारी व निजी कर्मचारी हफ्तों तक फंसे रहते हैं । आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस या राहत दल का पहुँचना भी असंभव हो जाता है । यह समस्या केवल आवागमन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसुरक्षा, स्वास्थ्य, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टि से भी अत्यंत गंभीर है । अतः मैं आग्रह करता हूँ कि इस मामले की गंभीरता और राष्टीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मकोड़ा पत्तन पर स्थायी पुल के निर्माण हेतु शीघ्र केंद्रीय अनुदान स्वीकृत किया जाए, ताकि इस सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही का अधिकार मिल सके ।